# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## फिट इंडिया मूवमेंट: इरेडा स्पोर्ट्स सम्मिलन के माध्यम से कर्मचारियों के स्वास्थ्य कल्याण को ऊर्जावान करती है ।





नई दिल्ली, 17 फरवरी, 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी "फिट इंडिया मूवमेंट" के अनुरूप आज नई दिल्ली के एएआईओआई एनेक्सी मैदान में एक स्पोर्ट्स सम्मिलन का आयोजन किया। इस सम्मिलन का आयोजन शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़े उत्साह के साथ शुरू किया गया ।

इस स्पोर्ट्स सम्मिलन का उद्घाटन इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती,इरेडा के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी और इरेडा के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। श्री दास ने न केवल स्वस्थ जीवन शैली के लिए बल्कि उत्पादकता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भी शारीरिक फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वस्थ कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों के समर्पण की सराहना की।

इस स्पोर्ट्स कार्यक्रम में बैडमिंटन, दौड़, रस्साकशी और टीम-निर्माण गतिविधियों सहित विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के रूप में खेल कौशल और सौहार्द का प्रदर्शन देखा गया। इस स्पोर्ट्स सम्मिलन का समापन, पुरस्कार वितरण समारोह द्वारा किया गया, जहां इरेडा के सीएमडी ने विजेताओं को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन और समर्पण के लिए सम्मानित किया।

इरेडा  की यह पहल कर्मचारियों के स्वस्थ्य  कल्याण को बढ़ावा देने और समग्र विकास के लिए अनुकूल कार्य वातावरण का पोषण करने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। फिटनेस को आनंद के साथ एकीकृत करके, इरेडा  एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे एक कार्यस्थल अपने कर्मचारियों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित कर सकता





है। स्पोर्ट्स सम्मिलन जैसी पहल के साथ, इरेडा  न केवल संगठन के भीतर बल्कि व्यापक समुदाय में भी कल्याण और जीवन शक्ति की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करता है।

